दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 294 | इंदौर, गुरुवार 04 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Nikay Chunav : सहारनपुर में फर्जी मतदान के शक में 10 महिलाओं और 4 युवकों को पकड़ा, मथुरा में भी कसा शिकंजा
2. Wrestlers Protest: विनेश बोलीं- हम जिंदगी-करियर दांव पर लगाकर बैठे हैं; बजरंग ने पदक लौटाने की बात कही
3. Wrestlers Protest: जंतर-मंतर पर झड़प के बाद कांग्रेस ने दिया बेटियों का साथ, कहा- डरने की जरूरत नहीं
4. Jammu Kashmir: किश्तवाड़ के दूर-दराज इलाके में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन अधिकारी थे सवार
5. Go First Crisis: गो फर्स्ट ने एनसीएलटी से मांगी राहत, DGCA की कार्रवाई रोकने के लिए निर्देश देने की अपील
6. Sharad Pawar: शरद पवार ने अपनी आत्मकथा में ड्राइवर की जमकर की तारीफ, बोले- वह मेरे अभिभावक जैसा
7. Russia: पूर्व राष्ट्रपति ने दी जेलेंस्की को मारने की धमकी, क्रेमलिन पर हमले के बाद बड़ा कदम उठा सकता है रूस

### बजरंग दल को बैन करने की बात पर बिफरे शिवराज, बोले-

# कांग्रेस की मति मारी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में पीएफआइ और बजरंग दल जैसे संगठनों को प्रतिबंधित करने की बात कही है। भाजपा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने की कांग्रेस की घोषणा पर भड़क उठी है। कर्नाटक से उठा यह विवाद मप्र भी आ पहुंचा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस की मति मारी गई है, जो वह बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रही है। वह बजरंग दल, जो प्रखर राष्ट्रवादी संगठन है। वह बजरंग दल जो आतंकवाद का विरोध करता है, लव जिहाद का विरोध करता है। सामाजिक सेवा सहित देशभक्ति के भाव, अपने धर्म और संस्कृति के प्रति स्वाभिमान का और जागरण का भाव पैदा करता है। उसकी तुलना पीएफआइ जैसे आतंकवादी संगठन से की जा रही है।



शिवराज यहीं नहीं रुके। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये वही कांग्रेस है, जो अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण का विरोध करती थी। ये वही कांग्रेस है, जिसने रामसेतु को काल्पनिक कहा था। ये वही कांग्रेस है जो मौका मिलते ही हिंदुत्व का विरोध करती है। आज कांग्रेस का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है।

शिवराज ने आगे कहा कि भला कौन भूल सकता है कि मप्र में सिमी जैसे संगठन को खाद-पानी कौन देता था। सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करने वाले, आतंकवादियों को महिमामंडित करने वाले अब बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने इस मसले पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को भी घेरा और कहा कि वह हनुमान जी के बड़े भक्त बनते हैं। उनकी पार्टी कांग्रेस बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात करती है। उन्हें इस मसले पर जवाब देना चाहिए।

### कमल नाथ ने दिया यह जवाब

उधर, दमोह के जबेरा पहुंचे कमल नाथ ने भी इस मसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा- जो नफरत फैलाए, चाहे व्यक्ति हो या संगठन उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। यह तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा है। किसी को टारगेट नहीं करना है। जो भी समाज में विवाद या नफरत की बात करे, वो चाहे किसी भी संस्था का हो, कहीं का भी व्यक्ति हो, सुप्रीम कोर्ट ही कहती है कि उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ये आज हमारी सामाजिक एकता की बात है।

# पुलिस ने बच्चों को सिखाया योग, सायबर सुरक्षा के टिप्स भी दिए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गर्मी की छुट्टियों में बच्चे क्रिएटिविटी के साथ अच्छी एक्टिविटी भी सीखें इसी उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा पुलिस परिवार के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत थाना छत्रीपुरा स्थित संजीवनी बालमित्र केंद्र में भी आने वाले बच्चों एवं पुलिस परिवार के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।**

जिसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारी संस्थान की दीदी सुश्री सीमा जी द्वारा योगा की क्लास लगाई जिसमें बच्चों ने योग मेडिटेशन की कक्षा में भाग लिया एवं जीवन में योग मेडिटेशन के महत्व को समझा। सीमा दीदी ने बच्चों को बताया कि मन में शुभ संकल्प लेकर जैसा हम सोचते हैं हम वैसे ही बन जाते हैं। योगा क्लास के बाद बच्चों के लिए साइबर पाठशाला लगी जिसमें इंदौर पुलिस की ट्रेनिंग एंड अवेयरनेस सेल के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर एवं गयेंद्र यादव ने बच्चों को वर्तमान के साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए अपनी साइबर सुरक्षा किस प्रकार करें इसके बारे में टिप्स दिए। इस अवसर पर बच्चों के साथ ही निरीक्षक संदीप मेहलावत के साथ आई पीटीसी इंदौर की प्रशिक्षु महिला आरक्षकों ने भी योगा और साइबर पाठशाला के कार्यक्रम में भाग लेकर इन महत्वपूर्ण जानकारी को प्राप्त कर इसका लाभ लिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधान आरक्षक संजय राठौर एवं योगाचार्य श्रवण कुमार शर्मा द्वारा किया गया। थाना प्रभारी छत्रीपुरा कपिल शर्मा, स्टाफ और अन्य गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### सांसद शंकर लालवानी ने की रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात

# इंदौर-खंडवा, इंदौर-दाहोद समेत सभी प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अनिल लाहोटी बुधवार को इंदौर दौरे पर थे। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी ने उनसे मुलाकात कर इंदौर से जुड़े हुए रेल प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने की मांग की। सांसद लालवानी ने कुछ नई ट्रेनों की मांग रखी वहीं कोविड19 में बंद हुई ट्रेनों को दोबारा शुरू करने की मांग ाी रखी। शंकर लालवानी ने इंदौर से चार वंदे ाारत एक्सप्रेस की मांग की है। इंदौर से दिल्ली, मुंबई, जयपुर एवं जबलपुर के लिए मांग रेलवे बोर्ड चेयरमैन के सामने रखी है। सांसद लालवानी ने इंदौर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की और इंदौर-खंडवा रुट पर महू-सनावद के बीच में ग्रेडिंग को लेकर हो रही देरी पर बात की। साथ ही, सांसद लालवानी ने इंदौर-दाहोद रुट पर काम की धीमी गति को लेकर चिंता जाहिर की और कहा कि इस पर पिछले साल ाी पर्याप्त बजट था और चार-पांच माह पूर्व ही वर्क आर्डर जारी हो चुके हैं लेकिन इस पर विशेष प्रगति नहीं हुई है। सांसद लालवानी ने इंदौर के मेन रेलवे स्टेशन, पार्क रोड स्टेशन एवं लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के सिविल काम को तेजी से पूरा करने की बात कही जिस पर चेयरमैन लाहोटी ने पश्चिम रेलवे के जीएम, पश्चिम रेलवे के सिविल कार्यों के इंचार्ज और डीआरएम को हर महीने इंदौर का दौरा करने के निर्देश दिए। साथ ही मुंबई के चीफ इंजीनियर, सिविल को इंदौर डेप्यूट किया गया है और वह हर महीने यहां चल रहे कामों की प्रगति की रिपोर्ट बोर्ड को सौपेंगे। सांसद लालवानी ने सिर्फ एक समर स्पेशल ट्रेन मिलने का मुद्दा भी चेयरमैन के समक्ष उठाया जिस पर चेयरमैन इस पर जल्द ही विचार कर ट्रेन बढ़ाने की बात कही। सांसद लालवानी ने उज्जैन-देहरादून ट्रेन को इंदौर तक बढ़ाने की भी मांग भी रखी। ये ट्रेन उज्जैन में करीब 17 घंटे खड़ी रहती है जिस पर अधिकारियों ने कहा कि इंदौरउज्जैन ट्रैक पर ट्रैफिक का लोड ज्यादा है और अगर ट्रैक खाली मिलता है तो यह ट्रेन जरूर इंदौर तक बढ़ाई जाएगी। साथ शंकर लालवानी ने इंदौर भोपाल ट्रेन को हबीबगंज तक बढ़ाने की बात कही है।रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात के बाद सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि लाहोटी जी से बहुत सारे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई है और उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि जल्द ही रेलवे के कामों में आ रही शिथिलता दूर होगी और काम तेजी से पूर्ण होंगे।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष का कठोर कारावास

- कोर्ट ने पीड़िता को 80 हजार रुपए प्रतिकर राशि के रूप में दिलाने की अनुशंसा भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को विशेष न्यायालय ने 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पीड़िता को 80 हजार रुपये प्रतिकर राशि के रूप में दिलवाए जाने की अनुशंसा भी की। वारदात 22 फरवरी 2018 की है। पीड़िता की मां ने विजय नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि वह साागृह में झाड़ू-पोंछे का काम करती है। घटना वाले दिन वह अपनी 16 वर्षीय लड़की को काम पर साथ लेकर आई थी। शाम करीब 5 बजे वह साागृह के पीछे सफाई करने गई थी। इसी बीच उसकी लड़की को अज्ञात बदमाश बहलाफुसलाकर साथ ले गया। उसे योगेश मकवाना नामक लड़के पर शक है। मामले की जांच करते हुए पुलिस पीड़िता तक पहुंची। उसने बताया कि आरोपित योगेश उसे बहलाफुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 363, 376 (2)(एन), 376(2)(आइ), 366, 368, 323 और पाक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। विशेष न्यायालय ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए दुष्कर्मी योगेश को 10 वर्ष कठोर कारावास और सात हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

## सांवेर ब्लॉक के दो विद्यालय पीएम श्री योजना में चयनित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से सांवेर को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया है कि सांवेर ब्लॉक के दो विद्यालयों का पीएम श्री योजना के लिए चयन किया गया। माध्यमिक शाला गवला और शासकीय हायर सेकंडरी कन्या स्कूल सांवेर को पीएम श्री योजना का लाा मिलेगा। योजना के दायरे में आने से इन विद्यालयों की तस्वीर बदल जाएगी। मंत्री श्री सिलावट ने योजना की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पुराने स्कूलों को एक नया स्वरूप देने एवं बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने के लिए एक नई योजना को शुरू करने की घोषणा शिक्षक दिवस के अवसर पर गत वर्ष की थी। इस योजना का नाम पीएम श्री योजना है। इस योजना के माध्यम से पूरे ाारत में 14 हजार 500 पुराने स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से अपग्रेड किए गए स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का एक आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा। इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान जोर दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से ाारत के लगाग 14 हजार 500 पुराने स्कूलों का अपग्रेडेशन होगा। इन पुराने स्कूलों को अपग्रेड करते समय आधुनिक सुंदर ढांचे, स्मार्ट कक्षाओं, खेल सहित अन्य आधुनिक बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह साी स्कूल केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर स्थापित किए जाएंगे जो देश के साी राज्यों में स्थापित होंगे। पीएम श्री योजना के तहत 14 हजार 500 स्कूलों को अपग्रेड करने में आने वाले खर्च को केंद्र सरकार वहन करेगी और राज्य सरकार को इस योजना के तहत अपग्रेड किए गए स्कूल के माध्यम से सामान्य लोगों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

# इंदौर-भोपाल के बीच एक अतिरिक्त इंटरसिटी ट्रेन की बहुत ज्यादा जरूरत

### वरिष्ठ नेता गोविंद मालू ने रेलवे बोर्ड के चैयरमेन को इंदौर की रेल सुविधाओं के लिए विस्तृत प्लान सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रेलवे बोर्ड के चैयरमेन आज इंदौर आए। ााजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद मालू ने उन्हें इंदौर की रेल संबंधी समस्याओं और यहां की जरूरतों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मालू ने कहा कि इंदौर मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण शहर है। यहां से पूरे देश में आवागमन होता है, लेकिन, रेल्वे की सम्बद्धता अपेक्षाकृत कम महसूस होती है। गोविंद मालू ने उन्हें जानकारी दी कि टिही टनल के आगे का काम शुरू नही हुआ। इंदौर-दाहोद रेलमार्ग के 202 किमी में से 50 किमी ही बन सका है। आमान परिवर्तन कार्य जारी है, इसलिए महू से खंडवा मार्ग को डबलिंग किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि 220 नई ट्रेनों के संचालन की घोषणा हुई थी, उसमें से इंदौर को मात्र एक ट्रेन मिली। अजमेर के लिए इंदौर से सीधी रेल चलाई जाए, जो जयपुर तक जाए। पहले अजमेर के लिए 3 ट्रेन थी, अब एक भी नहीं चलती। अपने ज्ञापन में रेलवे बोर्ड के चैयरमेन को लिखा कि इंदौर की रेल सुविधाओं और रेल्वे राजस्व की दृष्टि से कुछ बिंदुओं को प्रस्तुत कर रहा हूँ। इंदौर के व्यापक हित में इन पर विचार किया जाकर निर्णय लेने की अपेक्षा और आग्रह है। ज्ञापन में मांग की गई कि इंदौर से ोपाल (रानी कमलापति) के बीच एक अतिरिक्त इंटरसिटी ट्रेन की बहुत ज्यादा जरूरत है। इसे भोपाल से सुबह 6 बजे देवास-मक्सी होकर चलाया जाना चाहिए। ताकि, यह ट्रेन सुबह साढ़े 9 बजे तक इंदौर आ जाए और फिर सुबह 10 बजे रानी कमलापति के लिए रवाना हो। दोपहर दो बजे तक यह ट्रेन रानी कमलापति पहुंचकर ढाई बजे फिर ोपाल से चले और शाम 6.30 बजे तक इंदौर आकर शाम सात बजे इंदौर से रवाना हो जाए। इंदौर-भोपाल के बीच काफी ट्रैफिक है और हर 15-20 मिनट में बसें उपलब्ध हैं। ोपाल के लिए जो ट्रेनें हैं, उनमें से ज्यादातर उज्जैन होकर भोपाल जाती हैं, जिसमें समय और धन, दोनों ज्यादा लगता है। उज्जैन होकर भोपाल जाने वाली ट्रेनों का इंजन रिवर्सल ाी करना पड़ता है। देवास-मक्सी रूट से ोपाल के लिए नई ट्रेनें चलेंगी, तो यह परेशानी भी दूर होगी। अभी इंदौर से हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने वाली ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है। ऐसी ही ट्रेन उज्जैन-देहरादून के बीच सप्ताह में दो दिन उज्जैनी एक्सप्रेस के रूप में चलती है। इस ट्रेन का मक्सी से देहरादून के बीच का टाइम टेबल (पाथ) समान है। रेलवे यदि उज्जैनी एक्सप्रेस फतेहाबाद होकर इंदौर तक बढ़ा दे, तो इंदौर से चार दिन नई दिल्ली, हरिद्वार और देहरादून के लिए सीधी रेल सुविधा मिलने लगेगी। अभी उज्जैनी एक्सप्रेस में सवार होने के लिए यात्रियों को इंदौर-उज्जैन का सफर बसों, निजी टैक्सियों या दूसरी ट्रेनों में करना पड़ता है, जिससे उन्हें तकलीफ होती है। अाी उज्जैनी एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पर 17 घंटे फालतू खड़ी रहती है।

## इंटक का स्थापना दिवस मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। म.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (इंटक) इंदौर ने ाारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का आज 3 मई 2023 को स्थापना दिवस पोलोग्राउंड कार्यालय इंदौर में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल ाारतीय राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामसुंदर यादव को आमंत्रित किया गया। उन्हें अखिल ाारतीय इंटक का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किये जाने पर उनका पुष्पहारों से स्वागत किया गया एवं शालश्रीफल से सम्मानित किया गया। श्री यादव ने संबोधन में इंटक की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फेडरेशन के झोनल सचिव एन के यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रचार सचिव मदन वर्मा, जे एल जोशी, एन के जैन, संजय सकरगाये, सुशील मिश्रा, दिनेश शर्मा, उम्मेद सिंह राजपूत, ाूषण अत्रे, आनंद जायसवाल, सीताराम लांबोले, पुरूषोत्तम दीपके, मनोज यादव, मदनलाल ोराजी, धर्मराज यादव सहित उपस्थित साथियों ने श्यामसुंदर यादव का अािनंदन कर शुाकामनाएं दी। इंटक के स्थापना दिवस की नेताद्वय श्यामसुंदर यादव व एन के यादव ने साी पदाधिकारियों व साथियों को बधाइयां दी।

## इंदौर नगर निगम में आए 13 नवनियुक्त सिविल उपयंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कर्मचारी चयन मण्डल ोपाल व्यापम के तहत मेरिट के आधार पर चयनित 13 उपयंत्री सिविल/मेकेनिक/विद्युत को महापौर सााकक्ष में आदेश पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर महापौर ने नव नियुक्त उपयंत्री से चर्चा की तथा उन्होंने निगम की प्रणाली के बारे में कई तरह की जानकारी दी। इस मौके पर सामान्य प्रशासन प्राारी श्री नंदकिशोर पहाडिया, महापौर प्रतिनिधि श्री ारत पारख, अपर आयुक्त श्री मनोज पाठक व अन्य विाागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर श्री ाार्गव ने कहा कि आप साी चयनित प्रतिाागी बहुत ही सौााग्यशाली है, जिन्हे देश के सबसे स्वच्छ शहर के साथ ही हर कार्य में नंबर वन शहर इंदौर शहर में काम करने का मौका मिला है। इंदौर शहर में आपके काम करने का अनुाव मिलेगा तथा यहां आपको प्लेजर ाी मिलेगा, हर चुनौती का सामना करते हुए, अपने इनोवेटिव आइडिया के साथ ही आपके ज्ञान का लाा इंदौर शहर को मिले, इंदौर के विकास में आप साी सहयोगी बने।

## नए बिजली ग्रिडों का निर्माण कार्य प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भारत सरकार के सहयोग से जिले में बिजली के तेरह नए ग्रिडों का निर्माण कार्य होगा। सात स्थानों पर कार्य प्रारां ाी हो चुका है। इनमें से कई ग्रिड अगले छः माह में न केवल बनकर तैयार हो जाएंगे, बल्कि इनमें से अधिकांश से बिजली वितरण ाी प्रारां हो जाएगा। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर जिले में 33/11 केवी के तेरह नए ग्रिडों की मंजूरी देकर जमीन विधिवत रूप से ग्रिड बनाने वालों को हस्तांतरित की है।**

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ईमलीखेड़ा, राजोदा, गंगाडेम पिवड़ाय, बड़िया कीमा, लिम्बोदा गिरी, दतोदा, गवली पलासिया में ग्रिड का निर्माण कार्य प्रारां कर दिया गया है। इंदौर शहर के ढक्कनवाला कुआं, पंचकुईयां, सिरपुर धार रोड, जीतनगर , रसोमा चौराहा, देवास नाका क्षेत्र में 33/11 केवी के ग्रिड तैयार होंगे। प्रत्येक जगह पांच मैगावॉट क्षमता के ग्रिड बनेंगे। इस तरह इंदौर जिले के 12 नए ग्रिडों से कुल 60 मैगावॉट विद्युत वितरण क्षमता का और विस्तार होगा। कार्यों पर तीस करोड़ से ज्यादा का व्यय होगा। मप्रपक्षेविविंक इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनों के ग्रिडों के समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण में पर्यवेक्षण का दायित्व अधीक्षण यंत्री शहर श्री मनोज शर्मा एवं अधीक्षण यंत्री इंदौर ग्रामीण डॉ. डीएन शर्मा को सौंपा है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# नर्मदा राइस मिल के संचालक पर एफआईआर दर्ज

## करोड़ों की सरकारी धान बाजार में बेचने का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राज्य सरकार द्वारा चावल बनाने के लिए डिंडोरी की जिस नर्मदा राइस मिल को 300 लॉट धान मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के जरिए दी थी, उस धान में नर्मदा राइस मिल के संचालक ने हेराफेरी कर दी है। राइस मिल के संचालक ने 300 लॉट में से 60 लॉट धान जिसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है, बाजार में बेच दी है। मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों द्वारा किए गए सत्यापन में संचालक द्वारा तीन करोड़ रुपये का घोटाला करना सामने आने के बाद मामले की जांच मप्र आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को सौंपी थी। मप्र ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद राइस मिल संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी



और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के अनुसार रमेश राजपाल पिता गगन दास राजपाल (43) वार्ड-6, डिंडोरी के रहने वाले हैं और डिंडोरी के कोहफा में नर्मदा राइस मिल संचालक हैं। मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने उन्हें चावल बनने के लिए 300 लॉट धान दी थी। संचालक ने 222 लॉट चावल 2 मई 2023 तक आपूर्ति निगम को भेज दिया, लेकिन 60 लॉट चावल नहीं भेजा। इसके बाद शेष 60 लॉट धान का भौतिक सत्यापन आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने किया था। भौतिक सत्यापन में 60 लॉट धान के विरुद्ध मिल में 9 लॉट धान व 16 लॉट चावल कुल 25 लॉट धान व चावल मिला। शेष 35 लॉट धान मिल में नहीं पाई गई। जांच की गई, तो पता चला कि 35 लॉट धान राइस मिल के संचालक रमेश राजपाल और मिल की प्रोपराइटर व रमेश की पत्नी ऋचा राजपाल ने खुले बाजार में बेच दी है। इसके बाद मामला मप्र आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, जबलपुर को सौंपा गया था। ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद राइस मिल संचालक दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। जांच के लिए मामला जबलपुर ईओडब्लयू को सौंप दिया गया है।

## अपराधिक अवमानना मामले में 23 अधिवक्ताओं को जबाव पेश करने मिला समय

### कोर्ट के सामने किया था हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अपराधिक अवमानना के मामले में उज्जैन जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सहित 23 अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया था। अवमानना याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अनावेदक अधिवक्ताओं की तरफ से जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 4 जुलाई को निर्धारित की है।

तीन माह में 25 प्रकरणों के निराकरण के आदेश के खिलाफ पूरे प्रदेश में अधिवक्ता आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान उज्जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट के सामने अधिवक्ताओं ने आपत्तिजनक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। जिसे संज्ञान में लेने हुए हाईकोर्ट ने अवमानना प्रकरण दर्ज किये जाने के निर्देश दिये थे। अवमानना याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उज्जैन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आशोक यादव, सचिव प्रकाश चौबे सहित 23 अधिवक्ताओं को अवमानना नोटिस जारी किये थे। याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान जबाव पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। जिसे युगलपीठ ने स्वीकार कर लिया।

## परासिया में दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी, शादी में जाने की जिद पूरी न होने पर की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** परासिया की न्यूटन चौकी के मायावाड़ी गांव में एक महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया, जिसके बाद हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि महिला अपने रिश्तेदार के यहां शादी में जाने की जिद कर रही थी, लेकिन जब उसे परिजनों ने जाने नहीं दिया तो उसने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मायावाड़ी गांव में महिला का शव फांसी पर लटका पाया गया। महिला अपने रिश्तेदार के घर शादी में मोआरी जाना चाहती थी। पति काम पर चला गया, वहीं बेटी कैटरिंग के काम से चली गई। बेटा टैंट खोलने में लग गया। इधर घर में अकेली महिला ने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

शाम को जब सभी घर लौटे तो महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका पाया। महिला नीलवती परानी के दो बच्चे हैं। एक बेटा टेंट में काम करता है। बड़ी बेटी कैटरिंग के काम में जाती है। पति गांव में ही खेत में काम करता है। महिला कल से शादी में मोआरी जाने की बात कर रही थी। बुधवार सुबह भी उसने पति विजय परानी से यही कहा था। महिला का शव देर शाम परासिया अस्पताल की मरचुरी में लाया गया। महिला के भतीजे सूरज ने बताया कि घर में कोई नहीं था। उनकी बुआ ने फांसी लगा ली। न्यूटन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रतलाम में 505 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ माँ बेटे गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रतलाम। मंदसौर से ब्राउन शुगर लेकर इंदौर से होकर अकोला जा रहे माँ बेटे को पुलिस ने रतलाम में गिरफ्तार कर लिया है. जिनके पास से 505ग्राम ब्रॉउन शुगर जब्त की गई.

रतलाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस से इन दो लोग, ब्राउन शुगर लेकर इंदौर की तरफ जा रहे हैं। जिस पर पुलिस ने बस में दोनों की तलाशी ली तो इनके पास से 505 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब पचास लाख है। दरअसल 24 वर्षीय अफजल और उसकी मां मल्लिका खातून अकोला जिले के अकोट फैल के रहने वाले हैं। अफजल के खिलाफ अकोला में भी एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। यह अपने क्षेत्र में ब्राउन शुगर की पुड़िया बेचने का काम करते हैं। इन दोनों ने मंदसौर के शख्स से 505 ग्राम ब्राउन शुगर खरीदी जिसे लेकर यह लोग अकोला के लिए निकले थे। रतलाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस से इन दो लोग, ब्राउन शुगर लेकर इंदौर की तरफ जा रहे हैं। जिस पर पुलिस ने बस में दोनों की तलाशी ली तो इनके पास से 505 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब पचास लाख है।

## शादी के जश्न में हर्ष फायर, दूल्हे के भाई को पेट में लगी गोली, गंभीर हालत में रीवा रेफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी।** सीधी शहर के साईं मैरिज गार्डन में हर्ष फायर में एक युवक गंभीर घायल हो गया। उसके पेट में गोली लगी है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल युवक दूल्हे का रिश्ते में भाई लगता है।

जानकारी के अनुसार मामला सीधी जिले के दक्षिण करौंदिया का है। जहां मंगलवार देर रात करीब 11 बजे शादी का जश्न गम में तब्दील हो गया। नाच-गाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई और हर्ष फायरिंग के दौरान ही हादसे में एक युवक के पेट पर गोली जा घुसी। बताया गया कि करौंदिया निवासी अंकित सिंह की शादी थी। जिनके कार्यक्रम का आयोजन साईं मैरिज गार्डन में किया गया था। जहां बरात नाचते-गाते मैरिज गार्डन में पहुंची, जहां लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर किया गया। पहला फायर हवा में किया गया। दूसरा फायर किया जा रहा था तो गोली अटक गई। बंदूक को नीचे किया गया और नीचे करते ही बंदूक से गोली फायर हो गई और युवक के पेट पर जा घुसी।

इस हर्ष फायर से निकली गोली ब्रह्मदेव सिंह के पेट में घुसी थी जो उस शादी होने वाले युवक का रिश्ते का भाई लगता है। घटना के बाद हड़कंप मच गया और आनन-फानन में उपचार के लिए उसे सीधी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पूरे मामले की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी जमोडी शेषमणि मिश्रा मौके पर पहुंचे और कार्यवाई में जुट गए। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह गोली चलाने वाला कौन था। फिलहाल पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का अभियान : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नागरिकों से अपील की है कि सीहोर जिले के सलकनपुर में बनने वाले भव्य और दिव्य देवी-लोक के निर्माण के लिए अपने घर से पूजा-अर्चना कर एक-एक ईंट सलकनपुर जरूर भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी-लोक निर्माण का भूमि-पूजन 31 मई को होगा और 15 मई से ईंट संकलित करने का अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को बुधनी जनपद के सियागहन गाँव में श्री शतचंडी महायज्ञ और खेड़ापति शिव परिवार प्रतिष्ठा समारोह में व्यास पीठ से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री रमाकांत भार्गव भी उपस्थित थे।**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यज्ञ की परिक्रमा की और कथा स्थल पर महामंडलेश्वर श्री गिरीश दास जी महाराज, जन्मेजय महाराज और सुश्री प्रज्ञा दीदी से आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री का मुकुट पहना कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने पहनाए गए मुकुट को आयोजकों को सुपुर्द कर कहा कि जब भी यहाँ गरीब बेटियों की शादी हो तब बिछोड़ी बना कर



उन्हें भेंट की जाए। मुख्यमंत्री ने मुकुट को सबसे बड़ा सम्मान बताते हुए कहा कि वे गाँव के सभी लोगों का मान-सम्मान बनाये रखने का वचन देते हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजना क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि सियागहन में सरपंच सहित पूरी पंचायत बहनों की है और यह स्थानीय संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का कमाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना भी बहनों की आर्थिक स्थिति बेहतर कर उनका मान-सम्मान बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मूंग का रकबा बढ़ा है। किसान चिन्ता न करें, गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजार से ज्यादा कीमत पर मूंग का उपार्जन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गड़बड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने गाँव के विकास के लिए अनेक निर्माण कार्य स्वीकृत करने और सियागहन को आदर्श पंचायत के रूप में पुरस्कृत करने की घोषणा की।

## संपादकीय

# चिंता के लिए काफी

एक ताजा अध्ययन में बताया गया है कि आनलाइन गतिविधियों में धोखाधड़ी या ठगी के मामलों में जिस कदर बढ़ोतरी हो रही है और जल्दी इससे निपटने के प्रयास नहीं हुए तो आने वाले वक्त में डिजिटल दुनिया बहुत सारे लोगों के लिए एक परेशान करने वाला अनुभव साबित होगा। भारत में इंटरनेट आधारित कामकाज या अन्य गतिविधियों के अभी बहुत वक्त नहीं बीते हैं, लेकिन अभी ही जो तस्वीर उभर कर सामने आ रही है, वह चिंता पैदा करने के लिए काफी है। दरअसल रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन साल में करीब उनतालीस फीसद भारतीय परिवार आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। वैसे तमाम लोग हैं, जिन्हें एटीएम या डेबिट कार्ड या फिर क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल करते हुए ठग लिया गया। इसके अलावा, इंटरनेट आधारित कारोबार और बैंक खाते को लिंक कराने से लेकर अन्य कई अन्य तरीके से लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई। यह स्थिति तब है जब भारत में अभी बहुत बड़ा क्षेत्र सारे काम के लिए आनलाइन पर पूरी तरह निर्भर नहीं हुआ है। आमतौर पर कोई भी तकनीक अपने आप में किसी काम को आसान बनाने का जरिया होती है। लेकिन किसी भी तकनीक का सुरक्षित होना इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उपयोग करने वाला व्यक्ति उसके बारे में किस स्तर तक प्रशिक्षित है। पिछले कुछ सालों के दौरान समूची दुनिया में अमूमन हर क्षेत्र में डिजिटल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है। बल्कि कई जगहों पर तो इसके जरिए कोई काम कराना लगभग अनिवार्य बना दिया गया है। खुद सरकारी महकमों में सारे कामकाज को आनलाइन बनाने का प्रयास चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इंटरनेट के प्रसार के साथ-साथ ठगी, धोखाधड़ी जैसे अपराधों के पुराने तरीके भी बदल कर इसी मुताबिक नए हो रहे हैं। साइबर ठगों का एक नया संजाल खड़ा हो रहा है, जो स्मार्टफोन या कंप्यूटर जैसे इंटरनेट आधारित यंत्रों को हैक करके बड़े अपराधों को भी अंजाम दे रहा है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं जिसमें ठगी के लिए लोगों के मोबाइल पर संदेश भेजा जाता है या उन्हें उलझाने वाली बात की जाती है। अगर वे इस जाल में फंस कर कोई पासवर्ड या पिन नंबर आदि साझा करने लगते हैं तो कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से पैसे गायब हो जाते हैं। आधार कार्ड जैसे संवेदनशील दस्तावेज का ब्योरा जिस तरह बिना हिचक हर जगह दे दिया जाता है, उसके कई खतरे हैं।

## धर्म-कर्म

# कल लगेगा साल का पहला




साल का पहला चंद्र ग्रहण, जो एक पेनुमब्रल यानी उपच्छाया चंद्रग्रहण होग। उपच्छाया चंद्रग्रहण 5 मई को रात लगभग 8:44 बजे से शुरू होगा। ग्रहण अपने चरम पर या अधिकतम चरण पर लगभग रात 10:52 बजे पर पहुंच जाएगा। पेनुमब्रल ग्रहण 6 मई को लगभग 1:01 बजे समाप्त होगा। Timeandate.com के मुताबिक, यह सितंबर 2042 तक का सबसे गहरा पेनुमब्रल ग्रहण होगा। चंद्र ग्रहण की कुल अवधि चार घंटे 15 मिनट की होगी।

### ● उपच्छाया या चंद्रग्रहण क्या होता है?

उपच्छाया चंद्रग्रहण वह होता है जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की उपछाया या ग्रह की छाया के मंद बाहरी भाग से होकर गुजरता है। पेनुमब्रल चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा आमतौर पर मंद होता है। इसके अलावा, चंद्रमा केवल पृथ्वी के गर्भ को याद करता है जो कि ग्रह की छाया का गहरा, आंतरिक भाग है। इस प्रकार का ग्रहण तब होता है जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा अपूर्ण रूप से एक रेखा में होते हैं और सूर्य के कुछ प्रकाश को पृथ्वी द्वारा सीधे चंद्रमा की सतह तक पहुंचने से रुकता है।

### ● उपच्छाया चंद्रग्रहण कहां-कहां आएगा नजर

5 मई को लगने वाला उपछाया चंद्र ग्रहण एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, यूरोप और अटलांटिक, भारतीय और प्रशांत महासागरों के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

### ● किस तरह का नजर आएगा उपछाया चंद्रग्रहण

चंद्र ग्रहण का अधिकतम चरण वह बिंदु होता है जब लगभग पूरा चंद्रमा पृथ्वी के गर्भ के अंदर होता है। इसलिए अधिकतम चरण के दौरान, चंद्रमा एक गोल कुकी की तरह दिखाई नहीं देगा जिसमें से एक टुकड़ा निकाला गया हो। इसके बजाय, अर्थ स्काई के अनुसार, चंद्रमा पर एक गहरा छाया होगा।

5 मई का उपछाया चंद्र ग्रहण साल का दूसरा ग्रहण है, लगभग 35 दिनों की अवधि जिसके दौरान कम से कम दो ग्रहण होते हैं। साल का पहला ग्रहण 20 अप्रैल, 2023 को हुआ था। यह एक दुर्लभ हाइब्रिड ग्रहण था।

### ● अगला सूर्यग्रहण कब लगेगा

अगला सूर्य ग्रहण वलयाकार होगा और 14 अक्टूबर 2023 को होगा। 29 अक्टूबर को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा।

### ● साल का पहला चंद्रग्रहण कहां देखें लाइव

रॉकेट्री ड्रीमर लाइव नामक यूट्यूब चैनल पर लोग चंद्र ग्रहण को ऑनलाइन भी देख सकते हैं।

# अपने वर्तमान को सुधारों तुम्हारा भविष्य अपने आप सुधर जाएगा, गौतम बुद्ध के अनमोल विचार



मई में वैशाख महीने में आने वाली पूर्णिमा को वैशाख पूर्णिमा और बुद्ध जयंती या बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं। बुद्ध पूर्णिमा एशिया, तिबब्त, दक्षिण पूर्व एशिया, थाइलैंड, चीन, कोरिया, वियतनाम, कंबोडिया आदि में खास तौर पर मनाया जाता है। यह दिन तीन वजह से खास है। पहला इस दिन राजकुमार सिद्धार्थ का जन्म हुआ था। उनका जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन लुंबिनी में हुआ। दूसरा यह दि इसलिए भी खास माना जाता है क्योंकि बुद्ध को इस दिन बोधी पेड़ के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। बुद्ध एक महान धर्म प्रचारक थे जिन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। इनके विचार बहुत ही प्रेरक और सही मार्ग पर चलने की सीख देते हैं। इन्होंने कहा है कि आप चाहें जितनी किताबें पढ़ लें, कितने भी अच्छे प्रवचन सुन लें, उनका कोई फायदा नहीं होगा, जब तक कि आप उनको अपने जीवन में नहीं अपनाते। गौतम बुद्ध के अनमोल विचार

1. आपके पास जो कुछ भी है, उसे बढ़ा-चढ़ा कर मत बताइए और ना ही दूसरों से ईर्ष्या कीजिए।
2. किसी विवाद में हम जैसे ही क्रोधित होते हैं, हम सच का मार्ग छोड़ देते हैं और अपने लिए प्रयास करने लगते हैं।
3. अकेले रहना बहुत अच्छा है, बजाय उन लोगो के साथ के जो आपके प्रगति के मार्ग में बाधा डालते हैं।
4. तुम अपने भविष्य की चिंता मत करो, वर्तमान में जीओ और अपने वर्तमान को सुधारों तुम्हारा भविष्य अपने आप सुधर जाएगा।
5. अगर आप अंधेरे में डूबे हुए हैं तो आप रोशनी की तलाश क्यों नहीं करते?
6. अकेले रहना बहुत अच्छा है, बजाय उन लोगो के साथ के जो आपके प्रगति के मार्ग में बाधा डालते हैं।
7. तुम अपने भविष्य की चिंता मत करो, वर्तमान में जीओ और अपने वर्तमान को सुधारों तुम्हारा भविष्य अपने आप सुधर जाएगा।
8. जो व्यक्ति दूसरो से प्यार नहीं करता है उसके पास खुश रहने का कोई भी कारण नहीं होता।
9. जिसने अपने मन को वश में कर लिया उसने शांति को प्राप्त कर लिया।
10. दुनिया में अज्ञान सबसे बड़ा अंधकार है, इसलिए ज्ञान की तलाश कीजिए तभी आप अंधकार से बाहर निकल पाएंगे।

## Highlights

1. AAP MLA Bharti among 3 detained after wrestlers & police clash in Delhi
2. No option left other than elimination of Zelenskyy: Russia after Putin assassination bid
3. Turkish singer Gulsen sentenced over her mid-concert joke on religious schools
4. Ruckus takes place between wrestlers, Delhi Police at Jantar Mantar, video surfaces
5. 'Drunk policeman abused us,' say wrestlers on late-night clash in Delhi, police deny

# Zerodha CEO Nithin Kamath's friend got 'scammed' and lost money. Beware!

**NEW DElHI, (Agency).** Zerodha co-founder Nithin Kamath on Wednesday detailed an 'online scam,' stating that there was a need to create awareness, and that there was 'no easy way to make a lot of money quickly.'

Kamath began his Twitter thread by saying someone he knew was the victim of the said 'scam.'

"It started with a response to a part-time job offer on WhatsApp. The first few tasks were about leaving fake reviews for resorts & restaurants in random places like Peru. ₹30k was transferred to the bank for the tasks completed," his first tweet said.

A Telegram group, he said next, was set up for those who claimed to have completed these tasks, adding that the subsequent task for the group was to trade on a mock crypto platform, and profits generated were allowed to be withdrawn, even without the transfer of any real money.

This 'money' was not Bitcoin or Ethereum, but



random crypto tokens, Kamath further explained. "The group was now asked to transfer real money to generate higher returns. Others in the group claiming to transfer nudged my friend to do so as well," tweeted Kamath.

The Zerodha CEO and co-founder continued: "I guess the risk didn't seem much since the money transferred was the ₹30K earned through the platform. But greed took over, and more money was transferred, probably due to peer pressure from others in the group who claimed to have made large transfers and profits."

What happened next?

Kamath noted that though his friend tried to withdraw, the latter could not do so as a certain number of traders was required for this. "The fear of being unable to withdraw the money took over, and more money was added to trade. This amounted to ₹5 lakh, a large amount for any person," he wrote.

The friend's spouse immediately realised it was a fraud after the friend finally decided to confide with her, he added.

# United Airlines plans to hire 15,000 workers by year-end

**NEW DElHI, (Agency).** Airlines expecting a hectic summer travel season are planning to hire thousands of new workers this year, lifting a job market that has been hit by layoffs in technology and turmoil in the banking industry.




United Airlines said Wednesday that it hired 7,000 new workers in the first four months of this year and plans to hit 15,000 new hires by year-end, matching the number it hired last year. By 2026, United projects adding 50,000 workers to a workforce that was about 93,000 at the start of this year. "We are in hiring mode here at United Airlines," Kate Gebo, the company's executive vice president of human resources, told reporters. Airline officials said they already have enough pilots to operate the peak summer schedule. Airlines have been in a hiring frenzy since being caught understaffed when air travel bounced back from the depths of the pandemic more quickly than anticipated. Shortages of pilots and flight attendants contributed to a jump in the rates of canceled and delayed flights last year. The nation's passenger airlines received $54 billion in taxpayer money to keep people on the payroll through the pandemic, and they were prohibited from making layoffs, but they got around that prohibition by paying workers to quit or take early retirement.

## Manipur

# हाईकोर्ट के फैसले से मणिपुर में बढ़ा तनाव, हिंसा की आशंका के बीच सेना का फ्लैग मार्च

**इंफाल, एजेंसी मणिपुर हाईकोर्ट के एक फैसले से पहाड़ी राज्य में तनाव बढ़ गया है। हालात को देखते हुए सेना को तैनात किया गया। सेना के जवान राज्य के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सेना ने जानकारी दी है कि मणिपुर नागरिक प्रशासन की अपील पर विभिन्न इलाकों में सेना की तैनाती की गई है। यह तैनाती तीन मई शाम से की गई है। लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है और कानून व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।**



बता दें कि बुधवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले मणिपुर के सभी 10 जिलों में मार्च निकाला था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारी मैती समुदाय को जनजाति का दर्जा देने का विरोध कर रहे हैं। बता दें कि बीती 19 अप्रैल को मणिपुर हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि सरकार को मैती समुदाय को जनजातीय वर्ग में शामिल करने पर विचार करना चाहिए और हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को इसके लिए चार हफ्ते का समय दिया है। फैसले के विरोध में मणिपुर के बिशनुपुर और चंद्रचूड़पुर जिलों में हिंसा हुई है। हिंसा को भड़कने से रोकने के लिए सरकार ने राज्य में पांच दिनों के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। चंद्रचूड़पुर जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

## Chhattisgarh

# एक हादसे ने शादी में जा रही पूरी फैमिली को कर दिया खत्म, 11 की गई जान, एकमात्र बचे बच्चे ने भी तोड़ा दम



**बालोद, एजेंसी छत्तीसगढ़ में बुधवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां के बालोद में बोलेरो कार ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई. इनमें से 10 एक ही परिवार के थे. मरने वालों में एक डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है. ये सभी लोग शादी में शामिल होने जा रहे थे.**

हादसा कांकेर नेशनल हाइवे पर जगतरा के पास हुआ. बताया जा रहा है कि परिवार धमतरी के सोरम गांव से बोलेरो में सवार होकर शादी में शामिल होने के लिए मरकाटोला जा रहा था. लेकिन बीच में ही एक्सीडेंट हो गया. हादसे में मरने वालों में दो बच्चे और 5 महिलाएं भी शामिल हैं.

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बुधवार रात ये हादसा हुआ. इस हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है. ये सभी लोग शादी में शामिल होने के लिए मरकाटोला जा रहे थे. टक्कर इतनी तेज थी कि 10 लोगों की मौत पर ही मौत हो गई. जबकि एक की अस्पताल के जाते वक्त जान चली गई. उन्होंने बताया कि सभी के शवों को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

उधर, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख जताया है. उन्होंने ट्वीट किया, अभी अभी सूचना मिली है कि बालोद के पुरूर और चारमा के बीच बालोदगहन के पास शादी कार्यक्रम में जा रही बोलेरो और ट्रक के बीच भिड़ंत में 10 लोगों की मौत हो गई है और बच्ची की स्थिति गंभीर है. ईश्वर दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को शांति एवं उनके परिवारजनों को हिम्मत दे. घायल बच्ची के स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.

## New Delhi

### क्या दूसरा काबिल अफसर है ही नहीं? ED डायरेक्टर को तीसरी बार सेवा विस्तार देने पर SC बिफरा

**नई दिल्ली, एजेंसी** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा को तीसरी बार सेवा विस्तार दिए जाने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से सवाल किया और पूछा कि क्या 'एक व्यक्ति इतना अपरिहार्य हो सकता है?' कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि क्या एजेंसी में कोई दूसरा काबिल और सक्षम अधिकारी नहीं है, जिसे इस पद पर बिठाया जा सके? जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की तीन सदस्यीय खंडपीठ प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख के कार्यकाल के साथ-साथ केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2021 के नए विस्तार को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई कर रही थी। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मामवले की पैरवी कर रहे थे।



### नर्सिंग छात्राओं को नग्न कर हुई चेकिंग, हॉस्टल वार्डन ने चोरी का लगाया था आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी** दिल्ली के एक नर्सिंग कॉलेज में दो छात्राओं के कपड़े उतरवाकर उनकी जांच किये जाने का सनसनीखेज मामले सामने आया है। पुलिस अधिकारियों ने सूचना दी है कि Ahilya Bai College of Nursing की दो छात्राओं का आरोप है कि हॉस्टल की वार्डन ने उनके कपड़े उतरवाकर उनकी जांच की थी। अधिकारियों के मुताबिक, चोरी के शक में दो छात्राओं को नग्न कर उनकी जांच की गई और उन्हें प्रताड़ित किया गया। छात्राओं के आरोप के बाद कॉलेज प्रशासन ने फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई है।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा, 'आरोप है कि 2 मई को नर्सिंग कॉलेज की दो छात्राओं को कपड़े उतराने के लिए मजबूर किया गया। पता चला है कि हॉस्टल वार्डन के बैग में रखे 8000 रुपये कहीं खो गये थे। वार्डन को शक था कि इन्हीं दोनों छात्राओं ने यह पैसे चुराए हैं। इन दोनों छात्राओं के कपड़े उतार कर उनकी चेकिंग की गई लेकिन कुछ भी नहीं मिला।'

## खेल

# ईशान और सूर्या के तूफान में उड़ी पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस ने किया हिसाब चुकता

**नई दिल्ली, (एजेंसी) मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2023 के 46वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 6 विकेट से शिकस्त दी। पंजाब ने मोहाली के मैदान पर खेले गए मैच में 215 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मुंबई ने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। मुंबई ने इस जीत के साथ मौजूदा सीजन में पंजाब के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। एमआई के लिए ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। मुंबई की 9 मैचों में यह पांचवीं जीत है। वहीं, पंजाब को छठी हार का मुंह देखना पड़ा।**




लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने निराशाजनक आगाज किया। कप्तान रोहित शर्मा पहले ओवर में शून्य पर आउट हो गए। उन्हें ऋषि धवन ने पवेलियन भेजा। ईशान ने कैमरन ग्रीन के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। ग्रीन ने 18 गेंदों में 3 चौकों की मदद से 23 रन बनाए। वह छठे ओवर में नाथन एलिस के जाल में फंसे। यहां से ईशान और सूर्यकुमार ने मुंबई की पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी कर पंजाब को बैकफुट पर धकेल लिया। सुर्या को 16वें ओवर में एलिस ने आउट किया। उन्होंने 31 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों के मद पर 66 रन जुटाए। ईशान को 17वें ओवर में अर्शदीप ने अपना शिकार बनाया। उन्होंने 41 गेंदों में 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 4 छक्के ठोके। टिम डेविड (20 गेंदों में नाबाद 19, तीन चौके) और तिलक वर्मा (10 गेंदों में नाबाद 26, एक चौका, तीन छक्के) ने पांचवें विकेट के लिए 38 रन जोड़कर मुंबई को जीत दिलाई। तिलक ने अर्शदीप के खिलाफ विजयी सिक्स मारा।

इससे पहले, पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 214 रन बनाए। टॉस गंवाने के बाद बैटिंग करने उतरी पंजाब टीम ने खराब शुरुआत की। प्रभसिमरन सिंह (7 गेंदों में 9) दूसरे ओवर में अरशद खान का शिकार बन गए। शिखर धवन ने दूसरे विकेट के लिए मैथ्यू शॉर्ट के साथ 49 रन की पार्टनरशिप की। धवन को आठवें ओवर में पीयूष चावला ने स्टंप आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में 3 चौकों के जरिए 30 रन बनाए। शॉर्ट 26 गेंदों में 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 2 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्हें चावला ने 12वें ओवर में बोल्ड किया। पंजाब के तीन विकेट 95 के कुल स्कोर पर गिरे जिसके बाद लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा ने जबर्दस्त में मोर्चा संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की। लिविंगस्टोन ने 42 गेंदों में 7 चौकों और 4 छक्कों के दम पर 82 रन बनाए। वहीं, जितेश ने 27 गेंदों में 49 रन जुटाए। उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के ठोके।

## सिनेमा

# 'तारक मेहता' के प्रोड्यूसर ने बताया शैलेश लोढ़ा का सच, फीस विवाद के लीगल नोटिस पर तोड़ी चुप्पी



पॉपुलर सिटकॉम शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' कभी दयाबेन की एंट्री को लेकर तो कभी शैलेश लोढ़ा की वजह से चर्चा में रहता है. शो के प्रोड्यूसर असित मोदी और शैलेश लोढ़ा के बीच एक बार फिर ठनी है. दोनों आमने-सामने खड़े हैं. लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद अब शैलेश सीधे असित मोदी से पंगा लेने के मूड में हैं. तभी तो फीस विवाद को लेकर उन्होंने कानून का सहारा तक ले लिया है. ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में शैलेश लोढ़ा के लीगल एक्शन पर असित मोदी ने रिएक्ट किया है. उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ महीने पहले नोटिस मिला था. लेकिन ये नोटिस किस वजह से भेजा गया और क्यों, ये बात वो समझ नहीं पा रहे हैं. प्रोड्यूसर के मुताबिक, उन्होंने बकाया इनकम देने से कभी मना नहीं किया. प्रोडक्शन कंपनी शैलेश लोढ़ा से उनकी पेंडिंग फीस को लेकर लगातार बात कर रही है. असित मोदी ने बताया कि शैलेश लोढ़ा इन फॉर्मेलिटीज को पूरा करने के लिए राजी नहीं हुए. इंटरव्यू में असित मोदी ने अंदर की बात भी बताई. उनके मुताबिक, शैलेश लोढ़ा बाहर काम करना चाहते थे. कवि सम्मेलनों का हिस्सा बनना चाहते थे. क्योंकि तारक मेहता एक डेली शोप है. शो पर शैलेश लोढ़ा के अलावा भी लोग हैं. इसलिए एक्टर की इन रिक्वेस्ट को पूरा मान पाना मुमकिन नहीं था.

# पुलिस की टीम पर हमला, आरोपी को छुड़ाया

## कोर्ट पेशी पर इंदौर से राजस्थान लेकर गया था दल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एनडीपीएस को आरोपी को कोर्ट में पेशी पर लेकर राजस्थान पहुंची इंदौर पुलिस पर बदमाशों ने हमला कर दिया और आरोपी को छुड़ाकर भाग निकले। बदमाशों के हमले में दो पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस पर हमले की सूचना मिलते ही मप्र पुलिस भी राजस्थान पहुंची और वहां की पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश शुरू की।**

घटना राजस्थान के झालावाड़ अंतर्गत डग थाना क्षेत्र के चाचुर्नी गांव की है। इंदौर पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में लियाकत अली को पकड़ा था। बताया जाता है कि उसके खिलाफ राजस्थान में भी केस दर्ज हैं और मामला कोर्ट में चल रहा है। इसके चलते पुलिस की एक टीम लियाकत को जेल से पेशी पर भवानीमंडी ले गई थी। लौटते वक्त चाचुर्नी गांव में कुछ बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को रोका। गाड़ी रुकते ही बदमाशों ने मिलकर पुलिस पर पत्थर, डंडों और हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस के जवान गोविंद सहित दो के घायल होने की सूचना है। बदमाशों ने हमले के बाद लियाकत को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया और भाग निकले। हमले की सूचना मिलते ही मप्र की ओर से गंगधार (जिला मंदसौर) पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं राजस्थाान पुलिस की मदद से हमला करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने वितरित किए हेलमेट

## वाहन चालकों को संकल्प भी दिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हेलमेट के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से डीसीपी ट्रैफिक ने बुधवार को बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों को 200 हेलमेट वितरित किए। वाहन चालकों ने सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का संकल्प भी लिया।**

बुधवार को पलासिया चौराहा पर डीसीपी ट्रैफिक मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा जी लियन मोबाइल (इं) प्रालि के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 200 हेलमेट वितरण किये गए।इस अभियान का मु य उद्देश्य हेलमेट के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का सबसे मु य कारण सिर में चोट लगना होता है। अभियान के द्वितीय चरण में कंपनी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस के मार्गदर्शन मे पलासिया चौराहा पर ये सार्थक अभियान चलाया गया। जहां पर उन जरूरतमन्दों को जो रात दिन दो.पहिया पर सफर करते है जिन पर अपने परिवार की जि मेदारी होती है को प्रमुखता से हेलमेट प्रदान किए गए ताकि वे हेलमेट जागरूकता में अन्य लोगो का प्रतिनिधित्व करें। साथ ही महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और अन्य दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षार्थ जिनके पास लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन अन्य दस्तावेज पूर्ण पाए गए उन्हें निशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। डीसीपी अग्रवाल ने वाहन चालकों व नागरिको को स बोधित करते हुए कहा कि हेलमेट आपकी स्वयं की सुरक्षा के लिए है, सडक हादसों में सिर में लगने वाली ग भीर चोट मृत्यु का कारण बनती है अतः दो पहिया पर चले तो हेलमेट अवश्य पहनें। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अनिल पाटीदार ने वीवो की टीम द्वारा सडक सुरक्षा जागरूकता में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के फायदे भी बताये। यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, युवाओ को भी हेलमेट प्रदान किये गए। उन्होंने हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर एसीपी अजीत सिंह चौहान, एसीपी सुनील शर्मा, एसीपी अरविंद तिवारी तथा कंपनी के महाप्रबंधक जितेन्द्र मिश्रा, अरविंद गांधी, संयोजक विजय ओसवाल और यातायात प्रबन्धन पुलिस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मूसाखेड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी ने जब उन्हें फंदे पर लटके देखा तो आसपास के लोगों की मदद से एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना के समय पत्नी और बच्चे घर से बाहर थे। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी में रहने वाले सुभाष (40) पुत्र चंपालाल अलसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शाम को पत्नी ममता जब घर पहुंची तो पति को फंदे पर लटके हुए देखा। बाद में उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया है। सुभाष पेशे से पेंटिंग का काम करता था। परिवार में तीन बच्चे और मां हैं।

पुलिस के मुताबिक सुभाष के बच्चे और मां बड़वानी अपनी साली के यहां शादी में गए हुए थे। गुरुवार को उन्हें भी शादी में जाना था। इसके लिये पत्नी ममता ने कहा था कि घर के कुछ काम करके वह आज जाएंगे। लेकिन शाम को उन्हें इस तरह की जानकारी मिली। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### इंजीनियर की पत्नी ने भी लगाई फांसी

इसी प्रकार देर रात अन्नपूर्णा क्षेत्र में एक इंजीनियर की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम इंदु पति अभिषेक है। उसने देर रात कमरे की छत पर लगे पंखे से फांसी लगा ली। पति ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा इसके बाद उसे अस्पताल ले गया जहां उपचार के दौरान इंदु की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है । पुलिस ने बताया कि अभिषेक एक निजी कंपनी में इंजीनियर है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका। अन्नपूर्णा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है ।

# आशा कार्यकर्ताओं ने ऑटो चालक को पीटा

## लगाया छेड़छाड़ का आरोप, वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रीगल तिराहे पर प्रदर्शन करने के लिए पहुंची आशा कार्यकर्ताओं ने एक आटो चालक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई कर दी। पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ है।**

दरअसल, वीडियो में दिखाई दे रहा है कि महिलाओं से पिटने वाला युवक ऑटो चालक है और उसकी पिटाई करने वाली महिलाएं आशा कार्यकर्ता हैं, जो शहर के रीगल तिराहे पर धरना प्रदर्शन करने आईं थी। महिलाओं का आरोप है कि, ऑटो चालक ने उनके साथ छेढ़खानी की है। साथ ही, आशा कार्यकर्ताओं के विरोध करने पर युवक ने उनकी अध्यक्ष के साथ गाली गलौज की है। यही कारण है कि, मनचले ऑटो चालक की पिटाई की है। काफी देर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा युवक के साथ मारपीट करती रहीं। इसके बाद मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराकर ऑटो चालक को मौके से रवाना करा दिया। फिलहाल, इस मामले पर अबतक किसी भी पक्ष की ओर से एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

## वरिष्ठ पत्रकार पाठक को पत्नी शोक



**इंदौर**। बाल विवाह विरोधी उडऩदस्ता लाडो अभियान कोर ग्रुप सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक के छोटे भाई वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाठक (दैनिक हेलो हिंदुस्तान इंदौर के संवाददाता) की धर्मपत्नी, शुभम व सौरभ पाठक की काकी रविंद्र पाठक की माताजी श्रीमती नर्मदा देवी पाठक का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी। शवयात्रा दोपहर तीन बजे निजी निवासी भागीरथपुरा से मालवा मिल मुक्तिधाम जाएगी, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## तीन शातिर नकबजन पकड़ाए

**इंदौर।** आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत क्राइम ब्रांच ने घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन शातिर नकबजनों को गिर तार किया है। आरोपियों ने दो नकबजनी की वारदातें कबूलीं है। आरोपियों में शामिल आदतन बदमाश आकाश के विरुद्ध चोरी, लूट नकबजनी, डकैती की योजना, आ र्स एक्ट जैसे 6 गंभीर केस पहले से ही दर्ज हैं। इनसे कई वारदातों का खुलासा होने की उ मीद है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ बदमाश एरोड्रम क्षेत्र में घर में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने के उपरांत चुराए आभूषण को सस्ते दामों पर बेचने के लिये घूम रहे हैं। टीम ने एरोड्रम पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आकाश उर्फ बारीक निवासी टिगरिया बादशाह रोड ,रितिक पाल निवासी नंदबाग एवं संजय कुशवाह निवासी नंदबाग को दबौचा। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि एरोड्रम के श्री लक्ष्मी नगर छोटा बांगडदा में स्थित फरियादी के घर बनी दुकान में घुसकर 40 हजार नगदी एवं ग्राहकों के कपड़े की चोरी की थी। दूसरी वारदात एरोड्रम के परमहंस नगर एयरपोर्ट में स्थित फरियादी के घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण एवं कपड़े आदि की चुराए थे। दोनों ही मामलों में केस पहले से ही दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से चुराए हुए सोने चांदी के आभूषण एवं अन्य समान बरामद किया जा रहा है। इनसे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।